F.No.J- 25011/89/2020-Gen
Government of India
Ministry of Petroleum & Natural Gas
(General Section)

Dated : 17th January, 2023

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Monthly Summary for the Cabinet for the Month of January, 2023**

The undersigned is directed to circulate herewith a copy of the Monthly Summary (Both English & Hindi) of the Ministry of Petroleum & Natural Gas for the month of January, 2023.

2. This issues with the approval of the Competent Authority.

( Ranjit Kumar)
Under Secretary to the Govt. of India

Encl.: As above

To,

1. All Members of the Council of the Ministers
2. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
3. All Members of NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
4. Cabinet Secretary, Rashtrapati Bhawan New Delhi
5. All Secretaries to Government of India
6. Information Officer, PIB, Shastri Bhawan, New Delhi

**Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of January, 2023**

I. **Marketing Operations**

1. Approx. 3.1 lakh new LPG connections were issued during the month by Oil Marketing Companies (OMCs).

   As on 31.01.2023, there are 31.39 crore active LPG connections including 9.59 crore PMUY connections.

2. In LPG, the number of Letter of Intents (LoIs) issued and distributorships commissioned, during this month are 29 and 15 respectively.
3. As on 31.01.2023, a total of 31,522 retail outlets have been solarised.
4. During January, 2023, retail prices of Petrol remained unchanged (e.g. at Rs.96.72/litre in Delhi). Similarly, retail prices of Diesel remained unchanged (e.g. at Rs. 89.62/litre in Delhi).
5. Price of domestic LPG cylinder also remained unchanged at Rs.1053 per cylinder (in Delhi) during the month for Non-PMUY consumers while the effective price was Rs.853 per cylinder (in Delhi) for PMUY consumers.

II. **Crude Oil**

1. Domestic crude oil production during January, 2023 was 2481 TMT, showing 91.5% achievement over the target (2711 TMT) for the month and 98.8% achievement over the production (2512 TMT) of corresponding month of last year (January, 2022).
2. During January, 2023, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between \$75.63 and \$84.65 per barrel and the average price was \$80.92 per barrel, 3.6% higher than the average price of \$78.10 per barrel for December, 2022.

III. **Gas supply**

1. Natural Gas production during January, 2023 was 2961 MMSCM, showing 92.6% achievement over the target (3197 MMSCM) for the month and 103.5% achievement over the production (2861 MMSCM) of corresponding month of last year (January, 2022).

2. As on 31.12.2022, approximately 103.93 lakh Domestic PNG Connections have been provided.

IV. **Bio fuels and Ethanol Blending**

1. For the Ethanol Supply Year (ESY) 2022-23 (ESY: 1st December to 31st October) the Oil Marketing Companies (OMCs) floated a tender for 599.7 crore litres of Ethanol against which Letter of Intents (LoIs) for 475.44 crore litres of Ethanol were issued. OMCs have received 69.63 crore litres of ethanol during the ESY 2022-23, enabling a blending percentage of 11.44% for the month of January and cumulative blending of 10.81% for the ESY 2022-23. OMCs have procured 6 crore litres of Biodiesel for blending with Diesel uptil 31st January, 2023.

V. **Reducing Import Dependency**

1. India imported 171.9 MMT of crude oil for US$ 125.5 billion during April to December 2022 as compared to an import of 156.5 MMT for $ 82.6 billion during April to December 2021. Import dependency in case of crude oil during Apr.-Dec. 2022 was 87.0 as compared to 85.2 during the corresponding period of last year.

2. India imported 20,394 MMSCM (US$ 14.3 billion) of LNG during Apr- December 2022 as compared to LNG imports of 24,033 MMSCM @ US$ 9.5 billion during the Apr.-December 2021 period. Import dependency in case of Natural Gas improved from 49.0 during Apr.-Dec. 2021 to 44.7 during Apr.-Dec. 2022.

VI. **GeM Procurement**

Oil PSUs procured items worth Rs.20878.01 Crore through GeM portal till 31st January, 2023. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal.

VII. **International Cooperation**

1. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs met H E Dr IrajIlahi, Ambassador of the Islamic Republic of Iran to India on 03rd January, 2023. The two sides talked about ways to strengthen energy relations between two countries.

2. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs met H.E. Mr. Nasrul Hamid, MoS, Ministry of Power, Energy& Mineral Resources of Bangladesh on 04th January, 2023 and discussed bilateral energy cooperation including the soon to be commissioned India Bangladesh Friendship Pipeline as well as India's presence in the upstream sector of Bangladesh.

3. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs called on the President of the Cooperative Republic of Guyana, H.E. Dr. Mohamed Irfaan Ali, on 12th January, 2023. The discussions were held on increasing cooperation across the entire oil & gas. Both sides noted the synergies which exist between the two countries. Further steps to be taken were finalised.

4. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs addressed the Energy Ministers' session of "Voice of Global South Summit–2023" on 13th January, 2023, themed as "Energy Security and development: Roadmap to Prosperity". The session served as a platform to generate ideas from the developing world for achieving energy security, which is affordable, accessible and sustainable. The session had representation of Deputy Prime Minister of Iraq, Energy / Petroleum Ministers from Algeria, Bahrain, Belarus, Equatorial Guinea, Libya, Namibia, Somalia, Syria, Vanuatu, Venezuela and the Deputy Minister of Azerbaijan.

5. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs participated in moderated keynote conversation (in virtual mode) with Ms. Jennifer Granholm Energy Secretary-USA on January 13, 2023 during the event organised by Ananta Aspen centre. Both leaders responded to targeted questions on India-US energy

relations with special focus on collaboration under US-India strategic clean energy partnership.

## VIII. Infrastructure Development

A total of 6 Oil & Gas infrastructure projects valued Rs.5833 Cr. (latest approved cost) of IOCL, HPCL, BPCL and CPCL have been completed during the month of January, 2023.

## IX. Miscellaneous

1. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs and Secretary (P&NG) visited ONGC's iconic offshore jack-up drilling rig SagarSamrat to formally rededicate it as a transformed Mobile Offshore Production Unit (MOPU). SagarSamrat commenced production on 23rd December 2022.

2. Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs flagged off CNG Boat rally & race along with Union Minister of State for Petroleum and Natural Gas, Labour and Employment, in run-up to "India Energy Week 2023" from NamoGhat in Varanasi on 22nd January, 2023. The rally witnessed participation from 100 boats that have switched to CNG from diesel.

*****

मि.सं.जे-25011/89/2020-सामान्य

भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

(सामान्य अनुभाग)

दिनांक 17th फरवरी, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः मंत्रिमंडल के लिए जनवरी, 2023 माह का मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को जनवरी, 2023 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का मासिक सारांश (हिंदी और अंग्रेजी दोनो) की एक प्रतिलिपि एतद्द्वारा परिचालित करने का निर्देश दिया जाता है।

2. इसे सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

रंजीत कुमार 17/2/23

(रंजीत कुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नः यथोक्त

प्रतिलिपिः

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग के सभी सदस्य, योजना भवन, नई दिल्ली
4. मंत्रिमंडल सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
5. सभी सचिव, भारत सरकार
6. सूचना अधिकारी, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का जनवरी, 2022 माह के लिए मासिक सारांश**

**I. विपणन प्रचालन**

1. माह के दौरान तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) द्वारा लगभग 3.1 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए।

   दिनांक 31.01.2023 की स्थिति के अनुसार 9.59 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शनों सहित 31.39 करोड़ सक्रिय एलपीजी कनेक्शन हैं।

2. एलपीजी में, इस माह के दौरान जारी किए गए आशय पत्रों (एलओआई) और शुरू की गई डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की संख्या क्रमशः 29 और 15 है।

3. दिनांक 31.01.2023 की स्थिति के अनुसार, कुल 31,522 खुदरा बिक्री केंद्रों को सोलराइज़ किया गया है।

4. जनवरी, 2023 के दौरान, पेट्रोल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 96.72 रुपये प्रति लीटर)। इसी तरह, डीजल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 89.62 रुपये प्रति लीटर)।

5. गैर-पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए माह के दौरान घरेलू एलपीजी सिलिंडर का मूल्य भी 1053 रुपये प्रति सिलिंडर (दिल्ली में) पर अपरिवर्तित रहा, जबकि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य 853 रुपये प्रति सिलिंडर (दिल्ली में) था।

## II. कच्चा तेल

1. जनवरी, 2023 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2481 टीएमटी था, जो माह के लिए लक्ष्य (2711 टीएमटी) से 91.5% उपलब्धि और पिछले वर्ष (जनवरी, 2022) के इसी माह के उत्पादन (2512 टीएमटी) से 98.8% उपलब्धि दर्शाता है। .
2. जनवरी, 2023 के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय टोकरी की कीमत $75.63 और $84.65 प्रति बैरल के बीच थी और औसत कीमत $80.92 प्रति बैरल थी, जो दिसंबर, 2022 के औसत मूल्य $78.10 प्रति बैरल से 3.6% अधिक थी।

## III. गैस की आपूर्ति

1. जनवरी, 2023 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2961 एमएमएससीएम था, जो माह के लिए लक्ष्य (3197 एमएमएससीएम) की 92.6% प्राप्ति और पिछले वर्ष (जनवरी, 2022) के इसी माह के उत्पादन (2861 एमएमएससीएम) की 103.5% उपलब्धि दर्शाता है।

2. 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार लगभग 103.93 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

## IV. जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

1. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 (ईएसवाई: 1 दिसंबर से 31 अक्टूबर) के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने 599.7 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए एक निविदा जारी की, जिसके तहत 475.44 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए आशय पत्र (एलओआईज) जारी किए गए। ओएमसीज ने ईएसवाई 2022-23 के दौरान 69.63 करोड़ लीटर एथेनॉल प्राप्त किया है, जिससे जनवरी माह के लिए मिश्रण प्रतिशत 11.44% का और ईएसवाई 2022-23 के लिए 10.81% का संचयी मिश्रण

हो गया है। ओएमसीज ने 31 जनवरी, 2023 तक डीजल में मिलाने के लिए 6 करोड़ लीटर बायोडीजल अधिप्राप्त किया है।

**V. आयात निर्भरता कम करना**

1. भारत ने अप्रैल से दिसंबर 2021 के दौरान 82.6 बिलियन अमरीकी डॉलर से 156.5 एमएमटी के आयात की तुलना में अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान 125.5 बिलियन अमरीकी डॉलर से 171.9 एमएमटी कच्चे तेल का आयात किया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान कच्चे तेल के मामले में आयात निर्भरता 87.0 थी जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 85.2 थी।

2. भारत ने अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान 20,394 एमएमएससीएम (14.3 बिलियन अमरीकी डॉलर) एलएनजी का आयात किया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2021 की अवधि के दौरान 9.5 बिलियन अमरीकी डॉलर से 24,033 एमएमएससीएम एलएनजी आयात किया गया था। अप्रैल-दिसंबर के दौरान प्राकृतिक गैस के मामले में आयात निर्भरता अप्रैल-दिसंबर 2021 के दौरान 49.0 से घट कर अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान 44.7 हो गई।

**VI जीईएम अधिप्राप्ति**

तेल पीएसयूज ने 31 जनवरी, 2023 तक जीईएम पोर्टल के माध्यम से 20878.01 करोड़ रुपये की वस्तुओं की अधिप्राप्ति की। पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं की जीईएम के माध्यम से 100% अधिप्राप्ति की जा रही है।

## VII. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 03 जनवरी, 2023 को भारत में इस्लामी गणराज्य ईरान के राजदूत महामहिम डॉ. इराज इलाही से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों के बारे में बातचीत की।

2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 04 जनवरी, 2023 को महामहिम श्री नसरुल हामिद, राज्य मंत्री, विद्युत, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय, बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग पर चर्चा की, जिसमें जल्द ही शुरू होने वाली भारत बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के साथ-साथ बांग्लादेश के अपस्ट्रीम क्षेत्र में भारत की मौजूदगी के बारे में भी बातचीत शामिल है।

3. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 12 जनवरी, 2023 को गुयाना गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली से मुलाकात की । पूरे तेल और गैस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच मौजूद तालमेल पर ग़ौर किया। आगे की कार्रवाई को अंतिम रूप दिया गया।

4. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 13 जनवरी, 2023 को "वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट-2023" के ऊर्जा मंत्रियों के सत्र को संबोधित किया, जिसका विषय "ऊर्जा सुरक्षा और विकास: समृद्धि का रोडमैप" था। इस सत्र ने ऐसी ऊर्जा सुरक्षा, जो किफायती, सुलभ और टिकाऊ है,

प्राप्त करने के लिए विकासशील देशों से विचार उत्पन्न करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। सत्र में इराक के उप प्रधान मंत्री, अल्जीरिया, बहरीन, बेलारूस, इक्वेटोरियल गिनी, लीबिया, नामीबिया, सोमालिया, सीरिया, वानुअतु, वेनेजुएला के ऊर्जा/ पेट्रोलियम मंत्रियों और अज़रबैजान के उप मंत्री उपस्थित रहे।

5. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने 13 जनवरी, 2023 को अनंत एस्पेन सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुश्री जेनिफर ग्रानहोम ऊर्जा सचिव-यूएसए के साथ मुख्य बातचीत (आभासी मोड में) में भाग लिया। दोनों नेताओं ने अमरीका और भारत की कार्यनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी के तहत सहयोग पर विशेष ध्यान देने के साथ भारत-अमेरिका ऊर्जा संबंधों पर लक्षित प्रश्नों का उत्तर दिया।

## VIII. अवसंरचना का विकास

आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल और सीपीसीएल की 5833 करोड़ रुपये मूल्य (नवीनतम स्वीकृत लागत) की कुल 6 तेल और गैस अवसंरचना परियोजनाएं जनवरी, 2023 के दौरान पूरी कर ली गई हैं।

## IX. विविध

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री और सचिव (पी एंड एनजी) ने ओएनजीसी के प्रतिष्ठित अपतटीय जैक-अप ड्रिलिंग रिग सागरसम्राट को एक रूपांतरित मोबाइल अपतटीय उत्पादन इकाई (एमओपीयू) के

रूप में औपचारिक रूप से पुनर्समर्पित करने के लिए उसका दौरा किया। सागर सम्राट ने दिनांक 23 दिसंबर 2022 को उत्पादन शुरू किया।

2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने "इंडिया एनर्जी वीक 2023" के रन-अप में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, श्रम और रोजगार राज्य मंत्री के साथ दिनांक 22 जनवरी, 2023 को वाराणसी में नमोघाट से सीएनजी नौका रैली और दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में ऐसी 100 नौकाओं की प्रतिभागिता देखी गई, जिन्होंने डीजल के स्थान पर सीएनजी का उपयोग शुरू किया है।

*****